

# पेट्रोल-डीजल यूपी के गौतम बुद्ध नगर और बिहार में हुआ सस्ता

नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों ने आग पकड़ ली है। मध्यपूर्व के इलाकों में बढ़ रहे तनाव की वजह से ओपेक ने क्रूड की कीमतों में तगड़ा उछाल किया। ब्रेंट क्रूड 2 दिनों में ही करीब 10 डॉलर महंगा होकर 75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों की ओर से शुक्रवार सुबह जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी उछाल दिख रहा। शुक्रवार को कई शहरों में तेल महंगा हुआ तो कुछ जगह कीमतों में कटौती की गई है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल

**ब्रेंट क्रूड 2 दिनों में ही 10 डॉलर महंगा हुआ**

कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 22 पैसे सस्ता होकर 94.52 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 34 पैसे गिरा और 87.55 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 12 पैसे चढ़कर 94.82 रुपये और डीजल 15 पैसे महंगा होकर 87.97 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 20 पैसे गिरावट के साथ 105.21 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 18 पैसे गिरकर 91.48 रुपये लीटर बिक रहा है।

## गोयल ने स्वीडन के उद्यमियों के साथ व्यापार, निवेश पर की बातचीत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्टॉकहोम की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के पहले दिन स्वीडन सरकार के वरिष्ठ सदस्यों और उद्योग जगत की हस्तियों के साथ बैठकों में द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों का विस्तार करने, व्यापार और निवेश प्रवाह को बढ़ाने और उभरते क्षेत्रों में सहयोग के नये रास्ते निकालने के बारे में चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा कि गोयल ने स्वीडन के अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग और विदेश व्यापार मंत्री बेंजामिन डौसा और विदेश व्यापार के राज्य सचिव महामहिम हाकन जेवरेल से मुलाकात की।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान की 'रेको दिक' परियोजना के लिए 70 करोड़ डॉलर के ऋण मंजूर




**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। 'रेको दिक' परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। एक खबर के अनुसार ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। इस परियोजना के देश के संसाधन विकास क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है। इस खदान से 2028 में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है ।

### टाटा को पछाड़कर हुंडई फिर तीसरे स्थान पर



**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स को बहुत ही मामूली अंतर से पीछे छोड़ते हुए हुंडई मोटर इंडिया ने एक बार फिर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हुंडई की घरेलू बिक्री टाटा से केवल 2,304 यूनिट अधिक रही, लेकिन इस मामूली फासले ने बाजार की रैंकिंग बदल दी। वहीं, महिंद्रा ने 52,431 यूनिट्स की घरेलू बिक्री के साथ 21.3 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज करते हुए दूसरी सबसे बड़ी पैसेंजर वाहन निर्माता कंपनी का तमगा हासिल किया। महिंद्रा की यह उपलब्धि इसके मजबूत एसयूवी पोर्टफोलियो का नतीजा है, जिसमें एक्सयूवी 700 और स्कारपियो-एन जैसी गाड़ियां शामिल हैं। वहीं, मारुति सुजुकी ने 1,35,962 यूनिट्स के साथ शीर्ष स्थान कायम रखा, हालांकि इसमें 5.6प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। छोटे कारों की डिमांड में आई कमी ने उसकी कुल बिक्री को प्रभावित किया। टाटा मोटर्स की मई में घरेलू बिक्री 41,557 यूनिट्स रही, जो पिछले साल के मुकाबले 11प्रतिशत कम है। हालांकि इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में कंपनी ने 2प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,685 यूनिट्स की बिक्री की। वहीं, टोयोटा ने 29,280 यूनिट्स के साथ 22.2प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की, जिसमें 10,168 यूनिट्स मारुति से रीबैज किए गए मॉडल्स थे। किआ ने 22,375 यूनिट्स की बिक्री कर 14.4प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। स्कोडा ने 133.7 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि के साथ 6,740 यूनिट्स बेचे। दूसरी ओर, निसान, रेनो, सिट्रोएन और जीप जैसे ब्रांड्स की बिक्री में भारी गिरावट देखने को मिली।

### टीवीएस नया इलेक्ट्रिक स्कूटर उतारने की तैयारी में



**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर जल्द ही एक नया इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है। यह नया स्कूटर कंपनी के लोकप्रिय मॉडल जुपिटर का इलेक्ट्रिक वर्जन हो सकता है, जिसे जुपिटर ईवी नाम दिया जा सकता है। वर्तमान में टीवीएस के पास आईक्यूब जैसे सफल इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध हैं, जिनके कई ट्रिम्स को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यही वजह है कि कंपनी अब अपनी ईवी रेंज को और मजबूत करने पर जोर दे रही है। कंपनी पहले से ही प्रीमियम सेगमेंट के लिए टीवीएस एक्स नामक इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश कर चुकी है, जिसकी कीमत करीब 2.50 लाख रुपये है। हालांकि इसकी ऊंची कीमत और सीमित उपलब्धता के चलते इसकी बिक्री अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पाई है। ऐसे में टीवीएस एक ऐसे स्कूटर की तलाश में है जो आम ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सके और बजट फ्रेंडली हो। जुपिटर ब्रांड का इलेक्ट्रिक वर्जन इस मामले में कंपनी के लिए एक अहम कदम हो सकता है, क्योंकि यह एक भरोसेमंद नाम है और ग्राहकों के बीच पहले से ही लोकप्रिय है। अगर यह स्कूटर लॉन्च होता है, तो इसकी टक्कर बजाज चेतक और ओला एस1एक्स जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटरों से होगी।

# केंद्र ने ईवी, हरित ऊर्जा क्षेत्रों के युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए शेल इंडिया के साथ हाथ मिलाया

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों के युवाओं के कौशल विकास के लिए शेल इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। इस साझेदारी के तहत देश के चुनिंदा आईटीआई और एनएसटीआई में छात्रों को हरित कौशल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एमएसडीई के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने के लिए शेल इंडिया के साथ हाथ मिलाया है, जो युवाओं को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों के लिए कौशल प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम शेल के कार्यान्वयन साझेदार एडुनेट फाउंडेशन द्वारा 5 राज्यों में क्रियान्वित किया जाएगा। इसके जरिए हजारों छात्रों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा में उद्योग-तैयार कौशल प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय एमएसडीई और शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि शेल इंडिया के साथ हमारा सहयोग कौशल को स्थिरता के साथ जोड़ने की सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और व्यापक जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय अनिवार्यताएं नहीं हैं। वे भारत के लिए नवाचार, प्रतिभा और उद्यम के माध्यम से नेतृत्व करने के लिए एक पीढ़ीगत अवसर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

मंत्रालय के अनुसार ग्रीन स्किल्स और ईवी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को हरित ऊर्जा और ई-मोबिलिटी में भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं से लैस करना है। यह पहल ऐसे समय में की गई है जब सरकार अपनी नेट-जीरो महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप हरित ऊर्जा और ईवी अपनाने को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय की महानिदेशक त्रिशालजीत सेठी ने कहा कि शेल इंडिया के साथ यह साझेदारी हमारे आईटीआई और एनएसटीआई में अत्याधुनिक प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम लाने की दिशा में एक केंद्रित पहल है। वहीं, भारत के हरित अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण के अनुरूप यह पहल तेजी से विकसित हो रहे ऊर्जा क्षेत्र में प्रमाणन, नियोजन सहायता और हरित रोजगारों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी।

उल्लेनीय है कि इन राष्ट्रीय प्रयासों को पूरक बनाते हुए दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव को तेज़ करने, स्थानीय ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने और हरित रोजगारों का सृजन करने के लिए अपनी स्वयं की ईवी नीतियां पेश की हैं। ये विकास हरित ऊर्जा और ईवी क्षेत्रों में कुशल कार्यबल की बढ़ती मांग को रेखांकित करते हैं।



### हिमाचल सरकार करेगी आलू के लिए एमएसपी का ऐलान



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि किसानों की आर्थिकी मजबूत करने के लिए आलू का समर्थन मूल्य जल्द ही घोषित करेगी। दरअसल मुख्यमंत्री सुक्खू हाल ही में हिमाचल प्रदेश पुनरोद्धार वर्षा आधारित कृषि नेटवर्क द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बहु-हितधारक परामर्श सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। अपने उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा और प्राकृतिक खेती को जोरदार तरीके से बढ़ावा दे रही है। प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है और आने वाले वर्ष में इसमें और वृद्धि की जाएगी। प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए आने वाले वर्ष में कई नई योजनाएं लागू की जाएंगी।

# एयर इंडिया हादसे से बढ़ी बीमा कंपनियों की मुश्किलें




अहमदाबाद

**अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया ड्रीमलाइनर विमान हादसे में हुए बड़े नुकसान के बाद, भारत के एविएशन सेक्टर को अब तक का सबसे बड़ा बीमा क्लेम देखने का मौका मिल सकता है। जानकारों के मुताबिक, हादसे में विमान की क्षति का मूल्य करीब 80 मिलियन डॉलर आंका जा रहा है, जिसे बीमा क्षेत्र में 'हल लॉस' कहा जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, बीमा कंपनियों को करीब 120 मिलियन डॉलर या उससे ज्यादा की भरपाई करनी पड़ सकती है।**

**देना पड़ सकता है 1000 करोड़ से ज्यादा के क्लेम**

हादसे से जुड़े यात्रियों को मुआवजे में 30 से 50 मिलियन डॉलर तक का खर्च और जुड़ सकता है। यहां तक कि विमान में कई हाई-नेटवर्थ इंडिविजुअल्स सवार थे, जिनके दावे 100 मिलियन डॉलर तक हो सकते हैं।

इस हादसे से संबंधित बीमा पॉलिसी में टाटा एआईजी मुख्य बीमाकर्ता है, जबकि न्यू इंडिया एश्योरेंस, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, और जीआईसी रे जैसी कंपनियों ने भी हिस्सेदारी ली है। भारत में इससे पहले दो बड़े विमान हादसों में 2010 में मंगलूरु और 2020 में कोझीकोड कुल 60-70 मिलियन डॉलर का बीमा क्लेम हुआ था।

इस बार की क्षति इन दोनों से कहीं अधिक मानी जा रही है। भारतीय बीमाकर्ताओं ने जोखिम का केवल 10 फीसदी से भी कम हिस्सा अपने पास रखा है, अधिकांश जोखिम अंतरराष्ट्रीय रीइंश्योरेंस कंपनियों के पास है।

## 1 अगस्त से यूपीआई से जुड़े नियम बदलेंगे




1 अगस्त से यूपीआई से जुड़े नियम बदलने वाले हैं। ये बदलाव आमजन को प्रभावित करेंगे। खबरों के अनुसार, 1 अगस्त से आप केवल 50 बार ही अपने बैंक बैलेंस को यूपीआई एप से चेक कर सकेंगे। एक बड़ा बदलाव ये भी होने वाला है कि मोबाइल नंबर से जो बैंक अकाउंट लिंक है उसकी डिटेल 25 बार से अधिक नहीं देखी जा सकेगी। वहीं ऑटो पेमेंट को लेकर एक और बदलाव किया जाएगा। वहीं एसआईपी या नेटफ्लिक्स के सब्सक्रिप्शन पेमेंट को केवल नॉन पीक ऑवर्स में आप कर पाएंगे। इसे आपके पास सुबह 10 बजे से पहले करने का मौका होगा। वहीं दोपहर में 1 से 5 के बीच और रात के 9:30 बजे के बाद आपके पास इसका सब्सक्रिप्शन पेमेंट करने का मौका होगा।

# एयर इंडिया विमान दुर्घटना के राहत कार्यों में हर संभव मदद करेगी रिलायंस: अंबानी

नई दिल्ली

**देश के दिग्गज उद्योगपति एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की। आरआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी एवं व्यथित हैं।**



हम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। मुकेश अंबानी ने आगे लिखा है, ''दुख की इस घड़ी में, रिलायंस चल रहे राहत प्रयासों को अपना पूर्ण और अटूट समर्थन देता है तथा हर संभव तरीके से सहायता करने के लिए तैयार है। हम प्रार्थना करते हैं कि प्रभावित सभी लोगों को इस अकल्पनीय क्षति से उबरने की शक्ति और सांत्वना मिले। ओम शांति।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान गुरुवार को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई थी। एक यात्री जिंदा बचा है। एयर इंडिया के अनुसार इस विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश नागरिक, सात पुर्तगाली नागरिक और एक कनाडाई नागरिक सवार थे, उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान में आग लग गई।

# मई 2025 में कुल 19.39 लाख टू-व्हीलर वाहन बिके

नई दिल्ली

भारत की दोपहिया वाहन इंडस्ट्री ने घरेलू और निर्यात बाजार में मिलाकर मई 2025 में कुल 19.39 लाख टू-व्हीलर वाहन बिके। दोपहिया वाहनों की यह बिक्री पिछले साल की तुलना में 5.5 प्रतिशत अधिक है। वहीं, अप्रैल 2025 की तुलना में 11.86प्रतिशत की मासिक बढ़ोतरी भी दर्ज की गई है। घरेलू बाजार में कुल 15.90 लाख यूनिट्स की बिक्री हुई, जिसमें सालाना 2.94प्रतिशत और मासिक 14.02प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

इस महीने हीरो ने 4.88 लाख यूनिट्स की बिक्री के साथ टॉप पोजिशन हासिल की, हालांकि इसकी ग्रोथ मामूली 1.99प्रतिशत रही। इसके उलट टीवीएस और सुजुकी ने बाजार में दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। टीवीएस ने जहां 14.07प्रतिशत की सालाना बढ़त हासिल की, वहीं सुजुकी ने 17.11प्रतिशत की उछाल के साथ बाजार में अपनी पकड़ मजबूत की। रॉयल एनफील्ड ने भी 19.34प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ शानदार प्रदर्शन किया। इसके मुकाबले होंडा की बिक्री में 7.4प्रतिशत की गिरावट देखी गई। निर्यात के मोर्चे पर भारत ने 3.49 लाख यूनिट्स भेजे, जो कि सालाना 18.98प्रतिशत की ग्रोथ है। इस सेगमेंट में बजाज ऑटो और टीवीएस ने लगभग बराबर प्रदर्शन किया, जबकि रॉयल एनफील्ड ने 81.96प्रतिशत की जबरदस्त छलांग लगाकर सबको चौंका दिया। कुल मिलाकर टीवीएस मोटर ने 15.73प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि रॉयल एनफील्ड ने 25.94प्रतिशत की ग्रोथ के साथ खुद को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित किया।



### बैंक ग्राहकों को केवायसी अपडेट के लिए भेजेगी नोटिस



**मुंबई ।** आरबीआई ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं कि वे ग्राहकों को समय-समय पर केवायसी अपडेट करने के लिए नोटिस भेजें। यह कदम ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने और केवायसी प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। बैंक और वित्तीय संस्थाएं अब केवायसी की समयअवधि से पहले कम से कम तीन अग्रिम सूचनाएं भेजेंगी। इनमें से एक सूचना अनिवार्य रूप से पत्र के माध्यम से होगी। यदि ग्राहक समय पर केवायसी अपडेट नहीं करते हैं, तो बैंक तीन अनुस्मरण नोटिस भी भेजेंगे— जिनमें से एक पत्र द्वारा होगा। इस नियम का प्रभाव उन खातों पर अधिक पड़ेगा जो: जनधन योजना स्कीम जैसे कार्यक्रमों के तहत खोले गए हैं और केवायी अपडेट लंबित है। बैंक इन सभी नोटिस और अनुस्मरण पत्रों का रिकॉर्ड रखेंगे, ताकि जरूरत पड़ने पर ऑडिटिंग में इनका इस्तेमाल हो सके।